दिन–शुक्रवार दिनांक– 28 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज दस लाख जीविका दीदियों के खातों में मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस–दस हजार रूपये प्रति लाभुक की दर से एक हजार करोड़ रूपये की राशि अंतरित की। इसके तहत ग्रामीण क्षेत्र की नौ लाख पचास हजार और शहरी क्षेत्र की पचास हजार महिलाओं के खाते में डीबीटी के माध्यम से राशि भेजी गयी। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे। ग्रामीण विकास मंत्री ने बताया कि चौदह दिसम्बर तक सभी पात्र जीविका दीदियों के खातें में राशि अंतरित करना सुनिश्चित किया जा रहा है। इस योजना के तहत अब तक एक करोड़ चालीस लाख महिलाओं के बैंक खाते में योजना की राशि भेजी जा चुकी है।

———————————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज मुख्य सचिवालय के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य सचिव कोषांग, मंत्रिमंडल कक्ष, वित्त मंत्री का कार्यालय, अतिथि कक्ष सहित मुख्य सचिवालय के विभिन्न विभागों की व्यवस्थाओं और कार्य पद्धति की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत और अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम की एक सौ अट्ठाईसवीं कड़ी में देश–विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम को पूरे आकाशवाणी और दूरदर्शन नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। आकाशवाणी से हिंदी में प्रसारण के बाद क्षेत्रीय भाषाओं में भी कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा।

———————————————————————————

वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि आत्मनिर्भर भारत अब एक सामूहिक राष्ट्रीय मिशन बन गया है और प्रत्येक भारतवासी इस संकल्प यात्रा में अपना योगदान दे रहा है। आज नई दिल्ली में उद्योग मंडल फिक्की की अंठानवीं वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए श्री गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आत्मनिर्भरता के संकल्प को देश की आर्थिक प्रगति के केंद्र में लाए हैं। उन्होंने कहा कि फिक्की ने वार्षिक आम बैठक के लिए जो विषय चुना है, वह महात्मा गांधी के आत्मनिर्भर आर्थिक महाशक्ति के दृष्टिकोण के अनुरूप है। श्री गोयल ने कहा कि देश का अनुसंधान, विकास और नवाचार क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि युवाओं द्वारा उन्नत प्रौद्योगिकियों के कौशल पर ध्यान दिया जाना, भारत की अर्थव्यवस्था के लिए क्रांतिकारी साबित हो सकता है।

———————————————————————————

विधानसभा चुनाव में हार पर कांग्रेस पार्टी की ओर से बैठक बुलाए जाने पर भाजपा सांसद संजय जायसवाल ने कहा कि बिहार में कांग्रेस समाप्त हो चुकी है। श्री जायसवाल ने कहा कि पार्टी ने पूरे बिहार में वोट चोरी और एसआईआर जैसे मुद्दे पर रैली की, लेकिन इसका चुनाव परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ऐसे मुद्दे चुनती है जिससे किसी को कोई परेशानी नहीं होती और बाद में पार्टी पैसे लेकर टिकट बेचती है।

———————————————————————————

प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर न्यूनतम तापमान में उतार–चढ़ाव की स्थिति देखी जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान औरंगाबाद में सबसे कम ग्यारह दशमलव एक डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। वहीं, पूर्णिया में सबसे कम न्यूनतम दृश्यता पांच सौ मीटर दर्ज किया गया। विभाग ने अगले दो दिनों के दौरान राज्य के कुछ स्थानों में सुबह के समय हल्के से मध्यम स्तर का कोहरा छाये रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। विभाग ने कहा है कि अगले चार से पांच दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश भागों के अधिकतम तापमान में किसी विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।